प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दिनांक 03.03.2025 समय: 19.10 PM

**मुख्य समाचार**

- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि महिलाओं और बच्चों से बलात्कार और छेड़छाड़ के मामले हुए कम ।
- 16वें वित्त आयोग का दल कल से प्रदेश का करेगा दौरा ।
- प्रदेश में बोर्ड परीक्षार्थियों के पेपर उपलब्ध करवाने के नाम पर ठगने वाला आरोपी गिरफ्तार ।
- भोपाल पुलिस ने मूक बधिर लोगों की सहायता के लिए आज से शुरू की अनूठी हेल्पलाइन।

**बाल अधिकार संरक्षण आयोग**

मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि 2024 में महिलाओं-बच्चों से रेप, छेड़छाड़ के मामले घटे हैं।

**मुख्यमंत्री**

उन्होंने कहा कि मप्र ही वो राज्य था जिसने महिलाओं खासकर बच्चों के प्रति इस प्रकार के अपराधों में मृत्युदंड का प्रावधान किया है। यही कारण है कि लगभग 48 मामलों में कोर्ट ने मृत्युदंड का निर्णय दिया। कार्यक्रम में महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा- जरूरतमंद बच्चे जो आप तक नहीं आ पाए उन तक आप पहुंचें। बच्चे देश का भविष्य हैं यदि हमें देश का भविष्य स्वर्णिम बनाना है तो बच्चों के वर्तमान और भविष्य को भी संवारना होगा।

**वित्त आयोग दौरा**

16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगिढया के नेतृत्व में पांच सदस्यीय दल कल 4 मार्च को महत्वपूर्ण बैठकों के लिए भोपाल पहुंच रहा है। वित्त आयोग 7 मार्च तक भोपाल के अलावा राज्य के अन्य जगहों का दौरा भी करेगा।वित्त आयोग के दौरे का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्यों के बीच करों के वितरण, अनुदान सहायता के निर्धारण और राज्यों के बीच संसाधनों के उचित आवंटन से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श करना है। वित्त आयोग राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, स्थानीय निकायों, पंचायत एवं नगरीय निकायों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठकें करेगा ।

## फर्जी पेपर गिरोह

प्रदेश में बोर्ड परीक्षार्थियों को पेपर उपलब्ध करवाने के नाम पर भ्रमित कर ठगने वाले आरोपी को साइबर क्राइम ब्रांच ने छिंदवाड़ा से गिरफ्तार किया है। आरोपी माध्यमिक शिक्षा मंडल का लोगो का उपयोग कर,टेलीग्राम पर ग्रुप बनाकर बच्चो को 10वी 12वी का पेपर देने का झांसा देकर रूपये ऐंठने का काम करते थे। मामले में पहले एक आरोपी की गिरफ़्तारी हो चुकी है। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि इस मामले में अब तक 4 टेलीग्राम ग्रुपो पर कार्यवाही की गयी है।

## मूक बधिर पुलिस हेल्पलाइन

भोपाल पुलिस ने मूक बधिर लोगों की सहायता के लिए आज से व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इस नंबर 7587628293 पर वे वीडियो कॉल कर साइन लैंग्वेज के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते है। डेफ कैन फाउंडेशन के सहयोग से यह सेवा पुलिस मूक बधिरों को देगी। पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र ने बताया कि पुलिस ने इसके लिए 40 पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित किया है।

## वन्य प्राणी संरक्षण दिवस

प्रदेश में आज विश्व वन्यजीव संरक्षण दिवस विभिन्न कार्यक्रम हुए. पन्ना टाइगर रिजर्व के बाघों सहित अन्य वन्य प्राणियों की सुरक्षा ड्रोन से की जा रही है । पन्ना टाइगर रिजर्व की क्षेत्र संचालक श्रीमती अंजना सुचिता तिर्की ने बताया कि हम जन संरक्षण से बाघ संरक्षण स्लोगन को जनता तक पहुंचने का कार्य किया जा रहा है ।

वहीँ, कान्हा टाइगर रिज़र्व मंडला में उप निदेशक अमिता केबी ने बताया की कान्हा में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है.

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की मुख्य वन संरक्षक राखी नन्दा ने बताया कि यहाँ सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं.

प्रदेश में अन्य वन और जिव संरक्षित क्षेत्रों में भी जन जागरूकता के लिए अलग अलग आयोजन हुए.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के बोट क्लब में आयोजित 42 वीं नेशनल सीनियर रोइंग चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ियों के लिये आज का दिन ऐतिहासिक दिन है जब 23 राज्यों की टीमों ने यहां आकर के हिस्सा ले रही हैं ।

भोपाल के लिए भी यह गर्व की बात है कि 42 वीं सीनियर रोइंग चैंपियनशिप का आयोजन यहाँ हुआ है।

**आईसीसी चैंपियंस ट्राफी**

दुबई में आईसीसी चैंपियंस क्रिकेट ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में कल भारत का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर ढाई बजे शुरू होगा। इससे पहले, भारत ने कल रात दुबई में अपने अंतिम लीग मैच में न्यूजीलैंड को 44 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ, भारत अपने ग्रुप-स्टेज के सभी तीन मैच जीतकर ग्रुप ए में शीर्ष पर रहा।

**समाचार संक्षेप में...**

- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में आयोजित 7 दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव के समापन में शामिल हुए । उन्होंने व्यास पीठ का पूजन किया।
- धार में आज युवा संगम प्लेसमेंट प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न कम्पनियों द्वारा 14 युवाओं का चयन किया गया।
- खंडवा में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, श्री नीलकंठेश्वर शासकीय महाविद्यालय के तीन दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन शुभारंभ कल महापौर श्रीमती अमृता यादव के मुख्य आतिथ्य में होगा
- झाबुआ जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत विकासखण्ड पेटलावद में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत रायपुरिया में 30 मार्च को किया जाएगा। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10 मार्च है।
- उज्जैन में विक्रमोत्सव समारोह में सेवानिवृत्त उपसंचालक जिला अभियोजन कैलाश व्यास ने कहा कि न्यायाधीश की पहली प्राथमिकता न्याय करना होता है।
- शहडोल जिले के ब्यौहारी में लाखों रुपए मूल्य की प्रतिबंधित नशीले टेबलेट और सिरप जप्त किया गया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

------------------